**Regarding development of logistics for transportation of agriculture produce through railway containers-laid**

श्री हरीभाई पटेल **(**महेसाणा**) :**मेरे लोकसभा क्षेत्र महेसाणा ज़िले और पश्चिम रेलवे अहमदावाद डिवीज़न ने संयुक्त रूप से महेसाणा ज़िले के विकसित महेसाणा सम्मेलन का आयोजन किया जिसमें प्रसिद्ध औद्योगिक घराने, एपीएमसी, वित्तीय संस्थान, लोजिस्टिक प्लेयर्स, इन्फ्रा डेवलपर्स आदि ने भाग लिया। नतीजतन रेलवे ने क्षेत्र के किसानों को कुशल लोजिस्टिक क्षेत्र का समाधान प्रदान किया है और भारत का पहला स्पाईसेस एक्सक्लूसिव-कंटेनर रेल टर्मिनल उँझा में अभी शुरू हुआ है जिससे व्यापारियों के साथ साथ किसानों को भी अपनी फसल का उचित मूल्य मिल सकेगा और इस निर्णय से हमारे किसानों को सीधा फ़ायदा मिलेगा जिसमें सौ कन्टेनर एक रैक में जा सकेंगे जिससे ट्रान्सपोर्टेशन लागत भी कम होगी और दुर्घटना से भी बचाव होगा एवं पर्यावरण की भी रक्षा होगी और सीधा बंदरगाह पर माल पहुँच सकेगा और दूसरे किसानों को ऋण लागत और उद्योग एवं किसानों आदि को पूरा फायदा मिलेगा । मैं इस तंत्र को संस्थागत बनाने और रेलवे तथा ज़िला प्रशासन से मिलकर एक समिति गठन करने का अनुरोध करता हूँ ताकि क्षेत्र की लोजिस्टिक आवश्यकताओं के संबंध में एक विकास योजना बनायी जा सके जिससे उद्योगों किसानों आदि को सुविधा प्रदान की जा सके। यह कदम 2047 तक विकसित भारत का एक मुख्य क़दम होगा ।